TRIVENI GLASS LTD.

TGL/2025-26/SEC-012
Date: 09-05-2025

To,
The Manager
Department of Corporate Services-Listing
**BSE Limited**
P J Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400001.

**Sub: Regulation 47 of SEBI (LODR), 2015 : Financial Results approved in the Board - Meeting published in newspaper.**
**Ref: Triveni Glass Limited (Scrip Code 502281)**

This is to inform that the Audited Standalone financial results of the Company for the quarter and year ended 31-03-2025 approved in Board Meeting held on Thursday , 08-05-2025 is published in two newspapers i.e. Business Standard and AAJ on 09-05-2025.

**Thanks & Regards**

**For Triveni Glass Limited**

TRIVENI GLASS LTD. 1, Kanpur Road Allahabad

Chatterjee

**Tanushree Chatterjee**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl.: As per above**

**Regd. Off. :**
1, Kanpur Road, Allahabd - 211 001, India
Phone : +91-532-2407325
Fax : +91-532-2407450
E-mail : akd@triveniglassltd.com
Website : www.triveniglassltd.com
CIN No. : L26101UP1971PLC003491

IF IT'S GLASS IT'S US

# बाथरूम में लटकता मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

## बुआ की बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए आयी थी रेखा, तीन साल पहले हो चुका है पति से तलाक

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के छिवकी रेलवे स्टेशन के के समीप संजय नगर मोहल्ले में स्थित एक लाज के कमरे के अंदर बाथरूम में बृहस्पतिवार की दोपहर एक विवाहिता का शव सावर के सहारे फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना पर इलाकाई पुलिस एवं फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर विधिक कारर‌वाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मृतका यहां पर अपने बुआ की बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए आयी थी। वह बीते २७ अप्रैल से लाज में दस दिन के लिए आनलाइन कमरा बुक कराया था।

मिली जानकारी के अनुसार रेखा पत्नी मनोज कुमार एवं पुत्री सत्यवीर चौहान निवासी ममरवा हरियाणा जो अपनी बुआ की पुत्री सुचेतना पुत्री प्रवीण कुमार निवासी नारायण गांव दिल्ली को एम.एड की परीक्षा दिलाने के लिए प्रयागराज आयी थी। उसने छिवकी रेलवे स्टेशन के पास संजय नगर मोहल्ले में स्थित एक लाज में २७ अप्रैल से दस दिनों के लिए आनलाइन कमरे की बुकिंग करवाई थी। बताते हैं, कि बृहस्पतिवार की सुबह तकरीबन ६:३० बजे सुचेतना जमुनीपुर कोटवा स्थित एक वि.वि में एम.एड की परीक्षा देने के लिए चली गयी। दोपहर में तकरीबन १२ बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद लगभग दो बजे जब वह नैनी स्थित लाज पहुंची, तो देखा, रेखा के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज लगाने के बाद जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो सुचेतना ने रेखा के मोबाइल पर फोन लगाया। उसके द्वारा कोई भी रिस्पांस ना मिलने पर उसने लॉज में मौजूद कर्मचारियों से यह बात बतायी, तो उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा, तो रेखा का शव बाथरूम के अंदर लगे सावर में दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। लाज कर्मचारियों ने फौरन इसकी सूचना इलाकाई पुलिस को दी। घटना की सूचना पर इलाकाई पुलिस एवं फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़ कर जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर विधिक काररवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। पूछताछ के दौरान सुचेतना ने पुलिस को बताया, कि रेखा का उसके पति से तीन साल पहले तलाक हो चुका है। उसका एक बच्चा भी है। उसके माता पिता का देहांत होने के बाद वह अपने भाई-भाभी के साथ रहती थी। वह यहां पर उसके साथ उसे परीक्षा दिलाने के लिए आयी थी। बीते दो दिनों से वह दोनों लाज के अलग-अलग कमरे में रह रहे थे। उसने आत्महत्या किन परिस्थितियों में की, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।



धूप में घर की ओर लौटते स्कूली बच्चे।

# भीषण धूप में छात्रों को हो रही परेशानी

मांडा (प्रयागराज)। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवकाश के बाद विद्यालय से घर लौटते समय छात्र-छात्राओं को भीषण धूप से काफी परेशानी होती है। विद्यालयों में भी बिजली और पंखे न होने से तपन और गर्मी से छात्र बेहाल रहते हैं। परिषदीय विद्यालयों में बिजली एवं पंखे की व्यवस्था न होने से विद्यालयों में तो छात्र, छात्राएं तपन एवं गर्मी से परेशान रहते ही हैं। विद्यालय से मध्य दोपहरी के भीषण धूप में पैदल घर लोटते समय छात्र, छात्राओं की हालत गर्मी से काफी खराब रहती है। मांडा क्षेत्र में इन दिनों सुबह नौ बजे से तीन बजे अपराह्न तक बिजली कटौती चल रही है। हालांकि बिजली रहने पर भी विद्यालयों में पंखे न होने से छात्रों को भीषण गर्मी का सामना करना ही पड़ता है। मांडा क्षेत्र के १६ प्राथमिक और दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अभी बिजली का कनेक्शन ही नहीं है। बुधवार को भीषण धूप में विद्यालयों से पैदल घर लौटते समय छात्र-छात्राओं की हालत काफी खराब रही। शासन द्वारा विद्यालयों में अभी तक कक्षा एक से तीन तक के छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकें नहीं आ पायी हैं।छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का कहना है कि ऐसी दशा में कक्षा एक से तीन तक के मासूम छात्रों को विद्यालयों में बुलाना ही नहीं चाहिए।

# घर में घुसकर युवक पर कातिलाना हमला का मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

मऊआइमा (प्रयागराज)। पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी घर में घुस जान से मारने की धमकी देते हुए कातिलाना हमला कर दिया गया है। पुलिस ने तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मादीपुर कल्याणपुर निवासी रोहित कुमार तिवारी पुत्र प्रमोद कुमार तिवारी का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर लाठी डंडा धारदार हथियार लेकर घर में घुसकर गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए कातिलाना हमला बोल दिये। ज़ख्मी रोहित कुमार तिवारी ने मऊआइमा थाने में रामाशंकर, अरविंद कुमार, सुभम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने अरविंद कुमार पुत्र रमाशंकर को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है

### दुकान के सामने कूड़ा हटाने के विवाद में मारपीट, चार पर केस दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। दुकान के सामने से कूड़ा हटाने के विवाद में दो पक्षों में हुई गालीगलौज एवं मारपीट के बाद एक पक्ष के तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज कस्बे के कटरा मोहल्ला निवासी हामिद रजा ने थाने में तहरीर दी कि मोहल्ले के मोहम्मद साहबान, अनवारुल मुस्तफा, नूर मोहम्मद एवं एक अज्ञात ने दुकान के सामने कूड़ा रखने से मना करने पर गाली देते हुए मारपीट की। तहरीर पर चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजस्व विभाग की लापरवाही के चलते अधिवक्ता को नहीं मिल रहा न्याय

करछना (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र के बरौली गांव मे अधिवक्ता शशी नारायण द्विवेदी की भुमिधरी जमीन पर फर्जी तरीके से राजस्व विभाग द्वारा पैमाईश करने का प्रयास किया जा रहा है । अधिवक्ता का आरोप है की बरौली ग्राम सभा में भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उसके बावजूद कब्जेदार द्वारा मेरी ज़मीन पर जबरिया कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। शशी नारायण द्विवेदी ने बताया की मेरी जमीन पर पिछले पांच साल से अधिक समय से अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की जा रही है जिससे आजिज आकर वह न्यायालय में मुकदमा भी दायर किया है।

न्यायालय ने राजस्व की रिपोर्ट मंगायी गयी जो साफ तौर पर लिखा गया है उक्त भूमि पर कब्जा दखल एवं पत्थर गड़ी हो चुकी है। इसे लेकर एसडीएम करछना को न्यायालय से मंगायी गयी आख्या रिपोर्ट भी दिखाई जिसमें राजस्व निरीक्षक के द्वारा साफ तौर पर कहा गया है । कब्जेदार द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश किया जा रहा है । अधिवक्ता का आरोप है की राजस्व कर्मियो की मिली भगत से उसकी पुस्तैनी जमीन पर मोटी रकम लेकर कब्जा कराने की कोशिश की जा रही है जबकि जमीन की पैमाइस न कराकर अधिवक्ता को परेशान किया जा रहा है।

# मऊआइमा में अवैध खनन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है

## पुलिस की मिली भगत का है आरोप



मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन रात के अंधेरे में किया जाता है। आरोप है रात में दस बजे से सुबह तक जेसीबी मशीन लगाकर डंपरों से मिट्टियों की ढुलाई होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद, छाता, बड़ौरा, ग्राम सभा मऊआइमा में मिट्टी का खनन करके माफिया डंपरों से कस्बा में सप्लाई देते है। आरोप है कि खनन माफिया एक ग्राम सभा में अगर रात में खनन कर लिए तो दूसरी रात दूसरे ग्राम सभा में खनन करते है। ताकि खनन के बारे में किसी को पता न चले। लोगों का आरोप है कि स्थानीय थाने की पुलिस की मिली भगत से क्षेत्र में अवैध खनन बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। बताते है कि क्षेत्र के सभी जेसीबी मशीनें खड़ी है परन्तु एक दबंग की जेसीबी मशीन मिट्टी की खोदाई में लगी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जेसीबी मशीन मालिक अपनी पहुंच का बखान करता है। पुलिस जान कर अंजान बनी हुई है। इस बाबत इंस्पेक्टर मऊआइमा पंकज अवस्थी से बात करने की कोशिश की गयी तो उनका सीयूजी नंबर बंद था। एस डीएम सोरांव हीरालाल सैनी का कहना है कि अवैध खनन माफिया की जेसीबी मशीन और डंपरों को पकड़कर सीजकर दिया जायेगा तथा मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।

# बारा पावर प्लांट में पुलिस ने की माकड्रिल



शंकरगढ़ (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के बारा पावर प्लांट मिश्रापुरवा में एसीपी बारा की अध्यक्षता में माकड्रिल की गई।

प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड परिसर में माकड्रिल के दौरान ७ बजकर ३० मिनट पर सायरन बजते ही लाइटे बन्द हो गई। जिसमें प्रमुख रूप से कंट्रोल रूम, डीएम प्लांट एवं स्ट्रीट लाइट सहित अधिकांश विभागों की लाइटें बन्द कर दी गयी और ८ बजे पुनः सायरन बजते ही सभी लाइटें पहले की भांति चालू कर दी गयी। माकड्रिल के समय पीपीजीसीएल परिसर के अंदर सभी परिवहन का आवागवन पूरी तरह से रोक दिया गया।

एसीपी बारा कुंजलता ने कर्मचारियों को एयर स्ट्राइक के बचाव के तरीके बताते हुए उन्हें सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। माकड्रिल में मुख्य रूप से मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त कुंजलता, शंकरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश, पीपीजीसीएल चौकी इंचार्ज अभिनव उपाध्याय, चीफ ओएंडएम सर्विसेज सुभाष पांडेय, ओएंडएम के प्रकाश शर्मा, एचआर हेड जावेद सलीम खान, आईआर निशांत, कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर करनल धार्निया व देवेंद्र सिंह आदि रहे।

# फोर्स के अभाव में हवाई पट्टी पर अवैध कब्जा नहीं हटा

फाफामऊ (प्रयागराज)। पडिला हवाई अड्डे की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटाने पहुंचे रक्षा संपदा के अधिकारियों को फोर्स न मिलने पर वापस लौटना पड़ा। पडिला हवाई अड्डे की १२९४ एकड़ जमीन थी जिसमें से रक्षा संपदा विभाग ने २०० एकड़ जमीन सीआरपीएफ को दे दी। १०९४ एकड़ जमीन में हवाई पट्टी और उसके आसपास की जमीन छोड़कर बड़े पैमाने पर लोगों ने मार्केट, मकान, आस्थाई दुकान और खेती करने लगे। रक्षा संपदा विभाग के डीईओ अमित मिश्रा और एसडीओ रंजीत कुमार ने बताया कि सेना की जमीन पर बड़े पैमाने पर लोगों अवैध कब्जा कर लिया है। एक महीने से राजस्व टीम के साथ मिलकर सीमांकन और निशान लगाया जा रहा था। सोरांव थाने के उदय चंद्र पुर गांव में लोगों ने बड़े पैमाने पर मार्केट, अस्थाई दुकान और स्कूल खोल लिया है। गुरुवार को राजस्व टीम के साथ रक्षा संपदा विभाग के अधिकारी अमित मिश्रा और रंजीत कुमार गुरुवार को एक जेसीबी और कई ट्रैक्टर लेकर उदय चंद्र पुर गांव पहुंचे और खाली खेत में बने मेड को तोड़कर समतल करने लग। अस्थाई दुकानदारों को अपना सामान हटाने की चेतावनी देने लगे। इस पर दुकानदारों ने अपना सामान समेटने लगे। इस दौरान अफरातफरी का माहौल हो गया था। कई घंटे इंतजार के बाद भी फोर्स न मिलने अवैध कब्जे पर बुलडोजर नहीं चल पाया। दो अधिकारियों ने बताया कि फोर्स न मिलने पर अस्थाई कब्जे को हटाया नही जा सका। एक स्कूल और मार्केट को पुनः नोटिस देकर अवैध कब्जा हटाने को कहा जायेगा अगर खुद अवैध कब्जा नहीं हटाते है तो। फिर बुलडोजर की काररवाई की जायेगी। सेना की खाली जमीन पर कई गांव के लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उदय चंद्रपुर गांव में ही करीब २५ बीघे जमीन पर अवैध कब्जा है। कल फोर्स मिलने पर अस्थाई बनी दुकानों को ध्वस्त किया जायेगा। रक्षा संपदा विभाग के साथ राजस्व विभाग के आर आई नसीम अहमद, लेखपाल अरविंद यादव और एलआईयू की टीम मौजूद रही।

## तरहार क्षेत्र में नहीं है शवदाह गृह, मानपुर के ग्रामीणों ने की मांग

लालापुर (प्रयागराज)। तरहार क्षेत्र में एक भी शवदाहगृह न होने से काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। ज्यादातर क्षेत्र के शव मानपुर के बरहुला घाट पर जाकर अंतिम संस्कार करते है। क्षेत्र के बसहरा, चिल्ला, बबुरी, घुरमुटी, छतहरा, सोनौरी, गोबरा, बांकीपुर, मानपुर, कचरा, आदि गांवो के लोग शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए आते है। यहां पर सदियों की तरह आज भी रिवाज चलता आ रहा है। किसी प्रकार की न छाया है न ही बैठने की जगह है। गर्मी हो या बरसात जिस साधन से जाते है उसी के आड़ लेकर बैठते है। मानपुर गांव के गुलाब सिंह ग्रामीण, अनुज सिंह परिहार, विजय सिंह परिहार, मनोज सिंह दुकानदार, बादशाह सिंह, दारा सिंह, इशू सिंह, सन्तोष सिंह भारतवंसी ने सरकार से मांग किया हैं कि दर्जनों गांव के लोग अंतिम संस्कार के लिए लेकर आते हैं जिससे व्यवस्था न होने से साथ मे आने लोग परेशान होते है।

## आज का मुहूर्त

दिनांक- ९ मई २०२५
सम्वत् - २०८२
ऋतु-बसंत
माह-वैसाख कृष्ण पक्ष
वार -शुक्रवार
सूर्य उदय-५.२६
अस्त -६.३४
तिथि- द्वादशी दिन ३.१५ तक(रुक्मिणी द्वादशी, परशराम द्वादशी, प्रदोष व्रत)
राशि- कन्या
योग-वज्र रात्रि ३.२८ तक
नक्षत्र-हस्त रात्रि १२.३८ तक
राहुकाल- १०.३० से १२ बजे तक
मुहूर्त-जातकर्म, शिशुतांबुल भक्षण, कण भेद, विद्यारंभ प्रातः ६.४५ के उपरांत, वृष एवं मिथुन लग्न, देव प्राण प्रतिष्ठा,उपनयन, प्रातः ७.४१ के उपरांत मिथुन लग्न, वधु प्रवेश, द्विरागमन प्रातः ५.५४ के उपरांत वृष लग्न, गृहारंभ प्रातः ७.४१ के उपरांत। विवाह मुहूर्त दिन में वृष, सिंह, वृश्चिक लग्न में विवाह का उत्तम मुहूर्त है।

# नैनी में अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, कई दुकानों का हुआ चालान

नैनी ( प्रयागराज )। नगर निगम जोन नंबर ५ अधिकारियों के द्वारा बृहस्पतिवार को मेवालाल की बगिया तिराहे से लेकर टीएसएल रेलवे क्रासिंग तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने तकरीबन एक दर्जन से अधिक गुमटियां हटवाई तथा चालान किया गया।

बुधवार को भी काटन मिल तिराहे से न्यू सब्जी मंडी तक अभियान चलाते हुए फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को चेतावनी दी गई थी तथा उनसे जुर्माना वसूला गया था। मिर्जापुर रोड वैद्यनाथ कंपनी के पास फुटपाथ पर लिट्टी चोखा लगाने वाले दुकानदारों एवं अतिक्रमण टीम के बीच काफी नोकझोंक हुई थी। दुकानदारों का कहना था, कि टीम एक तरफ से काररवाई न करके कुछ लोगों पर विशेष कृपा दिखा रही है। नगर निगम जोनल प्रभारी ने बातचीत में बताया, कि अतिक्रमण दस्ता के साथ नैनी पुलिस भी मौजूद रही। लोगों को फुटपाथ पर दुकान न लगाने की हिदायत दी गयी तथा साथ ही फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले तकरीबन एक दर्जन से अधिक दुकानों का चालान किया गया है।

# जीआरपी ने छिवकी स्टेशन पर बिछड़े मासूम को परिजनों को सौंपा

नैनी (प्रयागराज)। बृहस्पतिवार को छिवकी स्टेशन पर दो साल की मासूम बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई। प्लेटफार्म पर मासूम को रोता हुए देख वहां मौजूद एक टैक्सी चालक ने उसे अपने पास लेते हुए इसकी सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी ने मासूम के गुम होने का एलाउंसमेंट स्टेशन पर कराया, तकरीबन एक घंटे बाद परिवारी जन उसे ढूंढते हुए स्टेशन पहुंचे, जीआरपी ने लिखा पढ़ी कर मासूम को परिजनों को सौंप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार भदौही ज्ञानपुर के बैरिया परवा सरियावा गांव निवासी अर्जुन सिंह गुजरात प्रांत के सूरत में रहकर सब्जी का व्यापार करते हैं। अर्जुन सिंह ने बताया, कि बुधवार को उनकी दादी का देहांत हो गया। इसकी सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को वह परिवार सहित ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन से छिवकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। वह लोग छिवकी स्टेशन पर बने ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे थे, तभी टीटी ने टिकट चेक करने के लिए सभी को रोक लिया। इसी बीच मासूम बच्ची परिवार से बिछड़ कर आगे चली गयी। परिवार वालों को लगा, कि वह किसी ने किसी के साथ होगी। स्टेशन के बाहर पहुंचने पर घर जाने की जल्दी में वह लोग दो आटो बुक कराकर सिविल लाइंस स्टेशन के लिए चल दिया। कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद पता चला, कि उनकी बेटी परिवार वालों के साथ नहीं है। इसकी जानकारी होते ही उन सभी के बीच में हड़कंप मच गया। उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। पहले तो वह लोग स्टेशन के आस-पास मासूम की तलाश की, लेकिन जब वह नहीं मिली, तो परिवार के लोग प्लेटफार्म पर पहुंचे। यहां पता चला, कि बच्ची जीआरपी चौकी पर है। परिवार के लोग जब वहां पहुंचे, मासूम को देखते ही वह लोग भावुक हो गये। जीआरपी ने कागजी काररवाई पूरी करते हुए मासूम को उसके परिजनों को सौंप दिया।

# तरहार से तीन भैस चोरी, दी तहरीर

करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के अछोला गढ़ैला गांव निवासी विटान देवी पत्नी शिवचन्द यादव ने रोज की तरह भैस गांव के ही तरहार कछार में चरने के लिए छोड़ते हैं। शाम को जब वह भैस को घर ले आने के लिए पहुंची तो देखा कि गौजैहा गांव के दो व्यक्ति हमारी भैस को पिकअप गाड़ी में लादकर भाग रहे थे। जब वह शोर मचाया तो लोग मौके पर लेकिन तब तक उसकी तीन भैस चुरा ले गये । लोगों ने चोरी करने वाले वक्ति की पहचान कर ली। महिला भागकर घर पहुंची और भैस चोरी होने की बात कहते हुए बताया कि गौजैहा गांव के दो व्यक्ति भैस को ले गये है । जिसपर उसके घर वाले फोन पर सम्पर्क किया तो पैसा देने की बात कही तो पैसा लेने से इनकार किया। जिसपर गौजैहा वाला व्यक्ति ने कहा कि घूरपुर आओ और अपनी भैस ले जाओ लेकिन वहां पहुंचने पर वह नहीं मिला और फोन भी बन्द कर लिया। इसके पूर्व में भी कुछ लोगों की भैंस चोरी हो चुकी है जिसका आज तक न चलने से लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है।

### बंच केबिल लगाने के दौरान विद्युत आपूर्ति ठप, बूंद-बूंद पानी के लिए तरसे लोग

नैनी (प्रयागराज)। नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर मोहल्ले में बुधवार को बिजली के खंभे पर बंच केबिल लगाने के दौरान विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ा।

बताया जाता हैं, कि इन दिनों नैनी क्षेत्र में बिजली के खंभो पर बंच केबिल लगाने का कार्य बड़ी तेजी के साथ चलाया जा रहा है। बुधवार को त्रिवेणी नगर मोहल्ले में ठेकेदार के द्वारा बिजली के खंभे पर बंच केबिल लगाने का कार्य चलाया गया। जिसकी वजह से सारा दिन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली की आपूर्ति ठप होने से जहां एक तरफ लोगों को इस भीषण गर्मी में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी, वहीं पर दूसरी तरफ क्षेत्र में लगे सभी ट्यूबवेल बंद रहे। ट्यूबवेल के बंद होने से लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ा।

## विद्यालय का चार सोलर पैनल खोल ले गये चोर

सहसों (प्रयागराज)। एक विद्यालय के छत पर चढ़कर चार सोलर पैनल चोर खोलकर उठा ले गये। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह विद्यालय खुला तो घटना की जानकारी हुई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने थरवाई पुलिस को लिखित शिकायत किया है। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड का कंपोजिट विद्यालय मथुरा उर्फ पारनडीह थरवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां छत के ऊपर सोलर पैनल लगा हुआ था। बुधवार की रात चोर छत पर चढ़कर ४ सोलर पैनल खोल लें गये। गुरुवार को सुबह विद्यालय खुलने पर इसकी जानकारी हुई। तो विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा श्रीवास्तव और ग्राम प्रधान दीपेंद्र कुमार के द्वारा थरवई पुलिस को लिखित जानकारी दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस कोरम पूरा करके चली गयी। बता दे कि क्षेत्र के स्कूलों में चोरी का मामला सामान्य हो गया है। आये दिन चोर स्कूल का ताला तोड़कर सिलेंडर, बर्तन और सोलर पैनल आदि चुरा ले जा रहे हैं। पुलिस इन मामलों में मुकदमा भी दर्ज करना नहीं चाहती।

# नियमित सफाई न होने से नाला गंदगी से पटा

## दो वर्ष पूर्व नाला चोक होने से घरों के बेसमेन्ट में घुसा था पानी



फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ शांतिपुरम में बना नाला की सफाई न होने के कारण नाला इस समय कुडे से पट गया है जिससे आसपास के रहने वाले कई बीमारी से ग्रस्त है बताया जाता है। शांतिपुरम नाला आरएएफ कैंप से लेकर सेक्टर ए तक बनाया गया है जिससे कई सेक्टरों का पानी इसी नाल में बहता है । कुछ दिन में ही बरसात होने वाली है अगर नल को सफाई न किया गया तो दो साल पूर्व वाली पुरानी घटना फिर दोहराई जा सकती है ।दो साल पहले बरसात के कारण कुडे के कारण नाला चोक हो गया था जिससे सड़क अगल-बगल घरों बेसमेंट में पानी भर गया था। पानी भर जाने के कारण बेसमेंट और घरों का पानी सड़क पर बह रहा था।

कई दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ था लेकिन न नगर निगम विकास अधिकरण इस नाले को समय पर साफ सफाई नहीं कराया जा रहा है । अगर तेज बारिश हो जाती है तो नाला चोक होने के कारण नाले का पानी सड़क हुआ मकान घुस सकता है । वही शांतिपुरम के लोगों ने बताया कि जो सड़क के अगल-बगल दुकानदारों द्वारा दुकान बढ़ते समय जो कुंडा करकट होता है । वह इस नाले में फेंक देते है और धीरे-धीरे कुडां करकट इस नाले में जम जाता है । बरसात अधिक होने के कारण नाला पानी नहीं खींच पाता और पानी का ओवरफ्लो होकर सड़कों और मकान में बहने लगता है।

12W टिपर (टाटा प्राइमा एसी डम्पर ट्रक) 15 ड्राइवर की आवश्यकता है। Volvo 300, 380, 480 के लिए 5 Excavator ऑपरेटर आवश्यकता है। भोजन + रहना + 12 महीने काम. स्थान : पुणे, महाराष्ट्र. ड्राइवर के लिए भारी ट्रक लाइसेंस अनिवार्य. ड्राइविंग लाइसेंस 8767437655 पर भेजें

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम आराध्य मिश्रा पुत्र पवन कुमार मिश्रा है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड में अंकित है मैंने अपने पुत्र का स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण अपने ज्योतिषाचार्य के अनुसार उसका नाम आराध्य मिश्रा से बदलकर आदर्श मिश्रा रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को आदर्श मिश्रा पुत्र पवन कुमार मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

**पवन कुमार मिश्रा**
निवासी 568/ख/139, गीमापल्ली, एम.जी. ट्रेडर्स आलमबाग, लखनऊ (उ.प्र.) पिन-226001

**सूचना**-मेरा उ0प्र0मा0 शिक्षा परिषद इलाहाबाद उ0प्र0 हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2013 संस्थागत अनुक्रमांक 2225536 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1575025 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। स्वाती द्विवेदी पुत्री-आनन्द द्विवेदी पता-गाजीपुर रोड राधानगर फतेहपुर

## सूचना

सर्वविदित हो कि मेरे आधार कार्ड संख्या 6420 4923 5997 है जिसमें मेरा घरेलू नाम अनार कली अंकित है जबकि मेरा सही नाम अनारा देवी है अतः मेरे आधार कार्ड में अनारा देवी अंकित कर लिखा पढ़ा समझा जाये।

**अनारा देवी**
**पत्नी स्व. सुखई**
**ग्राम-पंडरी पो. देवापुर तह. लालगज जिला प्रतापगढ़ पिन-230132**

## सूचना

मैं अमित कुमार चौहान पुत्र राजेंद्र प्रसाद चौहान निवासी 9/1/29 अयोध्या से फैजाबाद रोड साकेत गैस सर्विस के पास कजियाना फैजाबाद यू.पी.-224123 द्वारा निष्पादित, एतद्द्वारा निर्णय करता हूं कि कार्यालय उप-पंजीयक प्रयागराज में श्री/श्रीमती अजीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र ज्वाला प्रसाद श्रीवास्तव के नाम से पंजीकृत, संपत्ति निवासी फ्लैट संख्या ए-1/229 (आश्रय-1) ग्राउंड फ्लोर बद्री आवास योजना इलाहाबाद, ए.डी.ए. द्वारा निष्पादित, का विक्रय विलेख दिनांक 04.03.2004, बही संख्या 2431, खंड संख्या 4357, पृष्ठ संख्या 271 से 284, क्रम संख्या 2432, खो गया है। इस गुम हुए सेल डीड के लिए पुलिस स्टेशनः पुलिस कंप्यूटर सेंटर में दिनांक 01.09.2023 को एफआईआर 20230000568229 दर्ज की गई है। मैं यह संपत्ति स्टेट बैंक ऑफ इंडिया RACPC प्रयागराज (15488) से होम लोन प्राप्त करने के लिए चार्ज बनाना चाहता हूं। यदि किसी के पास उक्त संबंधित संपत्ति के लिए कोई दावा है, तो उसे मेरे/हमारे साथ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उपरोक्त बताई गई शाखा में इस नोटिस के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर दर्ज कराया जाना चाहिए।

**Prayag Citizen Law College**
**Sirhir Meja, Prayagraj**

**REQUIRED**
**FACULTY OF Law**
1- Principal-01, 2- Asst. Professor - 04

योग्यताः UGC/BCI/उ0प्र0 शासन के मानकानुसार। अभ्यर्थी अपना बायोडाटा एवं समस्त प्रपत्रों सहित विज्ञापन तिथि के 07 कार्यदिवस के भीतर निम्न पते पर प्रेषित करें।

19, C Elgin Road
Civil Lines, Prayagraj
Ph: 0532-2401011, 7310229222
E_mail: groupbalram@gmail.com

**TRIVENI GLASS LTD**
No.1, Kanpur Road, Prayagraj- 211001
CIN: L26101UP1971PLC003491 Email: akd@triveniglassltd.com Website: www.triveniglassltd.com
Tel: 0532-2407325

**Standalone Statement of Audited financial results for the Quarter and year ended 31st March, 2025**

Rs.in Lakhs

| | Particulars | For the Quarter ended 31.03.2025 Audited | For the Year ended 31.03.2025 Audited | For the Year ended 31.03.2024 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from operations | 12.90 | 100.20 | 456.48 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax | (14.15) | 8.83 | 287.23 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (before Exceptional items) | (14.15) | 8.83 | 287.23 |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional items) | (14.15) | 8.83 | 287.23 |
| 5. | Other Comprehensive Income | - | - | - |
| 6. | Paid-up equity share capital | 1,261.94 | 1,261.94 | 1,261.94 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the balance sheet of previous year) | 4,408.75 | 4,408.75 | 4,408.75 |
| 8. | Earnings per share (for continued operations) | - | - | - |
| | (a.) Basic | (0.11) | 0.07 | 2.28 |
| | (b.) Diluted | (0.11) | 0.07 | 2.28 |

**Note :** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Bombay Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations,2015 duly approved by the Board of Directors' in their meeting held on 08.05.2025.The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites **(www.bseindia.com)** and also on the website of the company **(www.triveniglassltd.com)**.

Place: Prayagraj
Date: 08.05.2025

J. K. Agrawal
Managing Director